# सर्दी के दौर में दिल का रखें ज्यादा ख्याल

**खास बातें**

- बढ़ रहे हृदयाघात के मामले, सर्दी में विशेष सावधानी जरूरी
- रोजाना आ रहे हैं हार्ट अटैक के मामले, बढ़ रहे हैं मरीज

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 6 जनवरी,** कोरोना काल के बाद से देशभर में हृदयाघात (हार्ट अटैक) के मामलों में लगातार वृद्धि देखी जा रही है. स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि बदलती जीवनशैली, तनाव, अनियमित दिनचर्या और कोविड के बाद शरीर पर पड़े प्रभाव इसके प्रमुख कारणों में शामिल हैं. विषय विशेषज्ञों के अनुसार सर्दियों के मौसम में हृदयाघात का खतरा और अधिक बढ़ जाता है. तेज सर्दी के कारण शरीर की रक्त नलिकाएँ संकुचित हो जाती हैं और रक्त अपेक्षाकृत गाढ़ा हो जाता है, जिससे हृदय पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है. यही कारण है कि सर्दियों में अचानक हार्ट अटैक की घटनाएँ अधिक सामने आती हैं.

### चिकित्सकों की सलाह

अत्यधिक ठंड में सुबह बहुत जल्दी और देर रात बाहर निकलने से बचें, ठंड से शरीर को पूरी तरह ढककर रखें, उच्च रक्तचाप, मधुमेह एवं हृदय रोग से ग्रसित व्यक्ति विशेष सतर्कता बरतें, नियमित दवाइयों में लापरवाही न करें और सीने में दर्द, घबराहट, पसीना या सांस लेने में परेशानी जैसे लक्षण दिखते ही तुरंत चिकित्सकीय सहायता लें.विशेषज्ञों का कहना है कि सावधानी, समय पर उपचार और जागरूकता ही हृदयाघात से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है.

### लाईफ स्टाइल और खानपान से पड़ता है सेहत पर असर

सरकारी अस्ताला के डाक्टर प्रशांत बागरेचा का कहना है हकि यह बात सही है कि कोरोना महामारी के बाद हार्ट अटैक के मामले ज्यादा आ रहे हैं. विशेष तौर पर युवाओं में हार्ट अटैक के मामले बढ़ रहे हैं.जिसका कारण लाईफ स्टाल और खानपान मुख्य रूप से हैं. सर्दियों में नशे सिकुड़ती हैं जिसके हार्ट अटैक की संभावना ज्यादा रहती है विशेष तौर पर सूर्य उदय के बाद ही बाहर की दिन चर्या शुरू करना चाहिए.

## हंसते-हंसाते चले गए सचिन, वेत्रवती पर हुआ अंतिम संस्कार



दिवंगत सचिन दुबे का निधन अत्यंत हृदयविदारक परिस्थितियों में हुआ. सोमवार को दिनभर वे यार-दोस्तों और मोहल्ले के लोगों के साथ हंसते-बोलते रहे. किसी को भी उनकी तबीयत को लेकर कोई आशंका नहीं थी. सोमवार शाम लगभग 4 बजे अचानक उन्हें सीने में दर्द के साथ हृदयाघात आया, जिसके बाद उन्हें तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया. उपचार के बाद रात करीब 8 बजे तक उनकी स्थिति में सुधार हुआ और वे स्वयं को स्वस्थ बताते हुए परिजनों व रिश्तेदारों से हंसते-मुस्कुराते मिले. उन्होंने कहा कि अब वे ठीक हैं, सभी लोग घर चले जाएँ, वे चाय पिएंगे लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था.रात करीब 8.30 बजे अचानक उन्हें उल्टी के साथ दूसरा तीव्र हृदयाघात आया और चिकित्सकों के तमाम प्रयासों के बावजूद उनका निधन हो गया. उनके आकस्मिक निधन से परिवार, मित्रों, मोहल्ले और समूचे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है.सभी इस बात से स्तब्ध हैं कि जो व्यक्ति कुछ देर पहले तक स्वस्थ और प्रसन्न दिखाई दे रहा था, वह इतनी शीघ्र सबको छोड़कर चला गया.मुक्तिधाम पर मंगलवार को दिवंगत सचिन दुबे पंचतत्व में विलीन हो गए. वे पत्रकार निखिल दुबे एवं नितिन दुबे के बड़े भाई तथा अशोक दुबे (निवासी सिवनी मालवा) के ज्येष्ठ पुत्र थे. 44 वर्षीय सचिन दुबे का सोमवार देर शाम हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया था. उनके अल्प आयु में निधन की खबर से शहर तथा समाज के लोग स्तब्ध रह गए , जिसने भी खबर सुनी वह मानने को तैयार नहीं हुआ. मंगलवार को वेत्रवती तट स्थित मुक्तिधाम पर उनका अंतिम संस्कार किया गया.अंतिम संस्कार के दौरान उनके तीन वर्षीय पुत्र अनिरुद्ध एवं छोटे भाई निखिल दुबे ने उन्हें मुखाग्नि दी. सचिन दुबे सोमेश्वर महादेव मंदिर समिति के प्रमुख और सक्रिय सदस्य थे. वे धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में सदैव अग्रणी भूमिका निभाते रहे और अपने सरल, मिलनसार स्वभाव के लिए परिचित थे. दिवंगत सचिन दुबे अपने पीछे पत्नी शिक्षिका श्रीमती रिंकी दुबे, पुत्री अवनी दुबे, तीन वर्षीय पुत्र अनिरुद्ध दुबे, माता-पिता तथा दो छोटे भाई-बहुओं सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं. उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है. अनेक गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों एवं सामाजिक संगठनों ने मुक्तिधाम पहुँचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की.श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में विदिशा प्रेस क्लब संघ के अध्यक्ष सचिन तिवारी , उदय पाल सिंह चंदेल , आचार्य रवि कृष्ण शास्त्री सहित अनेक लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की .

# सर्द हवाओं और कोहरे ने बढ़ाई परेशानी

**ऐसी ठंड कि दिन में भी जलाना पड़ रहे अलाव**



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 6 जनवरी, जिले में कड़ाके की ठंड का प्रकोप लगातार जारी है. बीते दो दिनों से जिलेभर में घना कोहरा छाया हुआ है, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है. बीती रात से ही कोहरे की घनी चादर छाई रही और दृश्यता 10 मीटर से भी कम दर्ज की गई. सड़कों पर वाहन चलाना बेहद जोखिम भरा हो गया, कई वाहन चालकों को हेडलाइट जलाने के बावजूद वाहन रोकने पड़े. कोहरे के साथ ओस गिरने से सड़कें गीली रहीं, जिससे फिसलन की स्थिति बनी रही.**

ग्रामीण क्षेत्रों में भी हालात इसी तरह बने रहे. दिन में शीतलहर चलने से ठंड का असर और बढ़ गया. लोग दिनभर गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए, जबकि रात में अलाव का सहारा लिया गया। कोहरा और शीतलहर को देखते हुए जिला प्रशासन ने अलर्ट जारी कर नागरिकों से अनावश्यक यात्रा से बचने और गर्म कपड़े पहनने की अपील की है. ठंड को देखते हुए कक्षा 5वीं तक के विद्यार्थियों की छुट्टी घोषित की गई है, वहीं आंगनबाड़ी केंद्रों के समय में भी बदलाव किया गया है. इसके बावजूद स्कूल जाने वाले बच्चे सुबह 8 बजे ठंड में ऑटो का इंतजार करते सड़कों पर नजर आए. बच्चों का कहना है कि कड़ाके की ठंड में स्कूल जाना मजबूरी बन गया है और कक्षाओं में भी ठंड से परेशानी हो रही है. उन्होंने छुट्टी की मांग की है. वहीं बढ़ती ठंड को देखते हुए नगर पालिका अधिकारी दुर्गेश सिंह ने लोगों को राहत देने के लिए दिन में भी प्रमुख स्थानों पर अलाव जलाने के निर्देश दिए हैं. पहले केवल रात के समय अलाव की व्यवस्था थी, लेकिन अब शीतलहर के चलते दिन में भी अलाव जलाए जाएंगे,

## रैन बसेरा में रहने की दी सलाह

सीएमओ दुर्गेश ठाकुर ने आज सुबह शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित झुग्गी-झोपड़ियों में रह रहे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं. इस दौरान उन्होंने ठंड के मौसम को देखते हुए व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया. सीएमओ ने लोगों से अपील की कि वे सर्दी से बचाव के लिए नगर पालिका द्वारा संचालित रैन बसेरों में ठहरें. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जरूरतमंदों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और रैन बसेरों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं.

**एक नजर में**

### सिरोंज वस्त्र व्यापार संघ के अध्यक्ष बने विकास

नवभारत न्यूज

सिरोंज, श्री वस्त्र व्यापार संघ सिरोंज के चुनाव में सर्व सम्मति से विकास गर्ग को अध्यक्ष चुना गया. वहीं अन्य पदाधिकारियों का भी सर्वसम्मति से निर्वाचन संपन्न हुआ. जानकारी के अनुसार श्री वस्त्र व्यापार संघ सिरोंज के चुनाव में सर्व सम्मति से संघ के पदाधिकारियों का निर्वाचन संपन्न हुआ. जिसमें श्री वस्त्र व्यापार संघ सिरोंज के अध्यक्ष विकास गर्ग, उपाध्यक्ष शरद मंगल, सचिव सुलभ गर्ग, सहसचिव अजीत हिमथानी, कोषाध्यक्ष कृष्ण गोपाल बिंदल, प्रवक्ता कृष्णगोपाल गर्ग तथा कार्यकारिणी सदस्य निलेश मंगल, विष्णु मंगल, प्रकाश बंसल, निमिष मंगल, अनुपम अग्रवाल रहे. महासंघ प्रतिनिधि अर्पित मित्तल, सुमंत मित्तल, विष्णु बाबू गर्ग, मुकेश कुमार गोयल रहे. इस मौके पर निर्वाचित पदाधिकारियों को संगठन के सदस्यों ने शुभकामनाएं दी.

### सांची में लिए गए पानी के सैंपल भेजे जाचं के लिए

नवभारत न्यूज

**सांची,** लगातार नगर भर मे कलेक्टर के निर्देश के बाद पाइप लाइनों की जांच करने सीएमओ रामलाल कुशवाहा अपने अधिकारी कर्मचारियों के साथ नगर के भ्रमण पर निकले तथा उन्होंने पाइपलाइन नालियों से बाहर करने निर्देश दिये.इसके साथ ही उन्होंने घर घर से पानी के सैंपल लेकर जांच हेतु भिजवाये तथा उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिये जोभी कनेक्शन नालियों से होकर गुजरे हैं. उन्हें तत्काल हटाकर नालियों से बाहर किए जाये.उन्होंने बताया कि हम नगर भर का निरीक्षण कर रहे है तथा नालियों से पाइप लाइन अलग की जायेगी पानी के सैंपल भी लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं.

# दिल्ली से किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**10 साल पहले 2 करोड़ 90 लाख का खरीदा था चना**

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा 6 जनवरी, गंजबासौदा के अनाज व्यापारियों को 3 करोड़ का चूना लगाने वाले व्यापारी को कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने गिरफ्तार किया और बासौदा लेकर आए. जहां से उसे जेल भेज दिया गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2016 में दिल्ली के अनाज कारोबारी ने गंजबासोदा के अनाज व्यापारियों से अनाज मंगाया था. इसके बाद लगभग तीन करोड़ का भुगतान नहीं किया और व्यापारी गायब हो गया.व्यापारियों ने न्यायालय में प्रकरण का कायम कराया था जिसमें 2 करोड़ 90 लाख के चना भेजे गए थे.21 व्यापारियों से चना खरीदा गया था.**

सभी व्यापारी गंजबासौदा के हैं.10 वर्ष तक व्यापारी परेशान रहे मनोज गोयल दिल्ली का व्यापारी था. जिसकी पुलिस लगातार जांच पड़ताल कर रही थी.परंतु वह पकड़ में नहीं आ रहा था.न्यायालय के कड़े आदेश के बाद पुलिस ने दिल्ली में उसे दबोच लिया और गंजबासौदा लेकर आए अब मनोज गोयल जेल के अंदर है.

### 2016 से गायब व्यापारी को कर लिया गिरफ्तार-थाना प्रभारी

सिटी थाना प्रभारी संजय वेदिया ने बताया की दिल्ली के व्यापारी मनोज गोयल 2016 से गायब था. गंजबासौदा थाने में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस गिरफ्तार करने भी गई थी.परंतु उसका पता नहीं लगा.वहीं दूसरी ओर अनाज व्यापारी जिनका चना 2 करोड़ 90 लाख का था उक्त व्यापारी ने खरीदा था. प्रकरण न्यायालय में भी चले गए थे.उसका सुराग मिलते ही दिल्ली में उसे गिरफ्तार कर बासौदा लाया गया.यहां से उसे जेल भेज दिया गया है.दिल्ली के दो व्यापारियों ने चना खरीदा था.एक व्यापारी ने अपना पूरा हिसाब कर दिया था.परंतु मनोज गोयल गायब हो गया था.

# बेतवा उत्थान समिति की हुई बैठक, समिति की 23वीं वर्षगांठ पर बनी कार्ययोजना



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** 11 जनवरी 2003 से अनवरत बेतवा नदी पर श्रमदान कर बेतवा नदी एवं पारम्परिक जल स्त्रोतो व पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये 23 वर्षो से कार्य कर रही बेतवा उत्थान समिति की कार्यकारणी की बैठक आहूत हुई. जिसमें 11 जनवरी को 23 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 10 जनवरी को बेतवा नदी एवं पारम्परिक जल स्त्रोतो व पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये जन-जागृति रैली माधवगंज से प्रारम्भ होकर गांधी चैक पर समाप्त होगी. 11 जनवरी को बेतवा नदी पर विशेष श्रमदान प्रातः 7.30 से प्रातः 8.30 तक होगा एवं इसी दिन समिति की वार्षिक बैठक मानव सेवा न्यास में दोपहर 2 बजे आहूत होगी. 12 जनवरी को बेतवा नदी की और शासन-प्रशासन की अनदेखी के खिलाफ एक धरना प्रदर्शन का आयोजन माधवगंज चौराहे पर प्रातः 11 बजे रखने का निर्णय समिति द्वारा लिया गया. समिति के सचिव राजकुमार अग्रवाल ने बताया की धरना कार्यक्रम का विषय बेतवा नदी में बिना ट्रीटमेंट नालो एवं मेडीकल कालेज व जिला चिकित्सालय का गंदा पानी नदी में मिलना, नदी का निरन्तर कटाव पर चिंता, नदी के दोनो ओर वृक्षारोपण होना, लगातार अतिक्रमण, विसर्जन कुण्ड के आभाव में मूर्ती विसर्जन एवं घाटो का रख रखाव विशेष रहेगा. नदी एवं पर्यावरण से जुड़े सभीं नागरिको से उक्त आयोजनों में भागीदारी का अपील समिति द्वारा की गई है. बैठक में समिति के अध्यक्ष अशोक गोयल, संरक्षक अतुल रतनशी शाह, उपाध्यक्ष इंजी सी.एल. गोयल, कोषाध्यक्ष सुशील अग्रवाल, संचालक विनोद शाह, श्रीमति नेहा मिश्र, केएन गुप्ता, एकृ संजय प्रधान, मनमोहन शर्मा, एकृ जितेन्द्र दुबे, अरविन्द्र दुबे, संतोष नेमा, रमेश मोदी, बद्री साहू, संतोष विश्वकर्मा, रघुवीरसिंह राठौर, मनोज अहिरवार, जगदीश अग्रवाल आदि उपस्थित थे



# समरसता और एकता का परिचय देने उमड़ा हिन्दू समाज

**नवभारत न्यूज**

**नटेरन,** रावण मण्डल के दस ग्रामों से हिंदू सम्मेलन में समरसता और एकता का परिचय देने के लिए उमड़ा हिंदू समाज.हिंदू सम्मेलन में संतो ने कहा सभी हिंदुओं के लिए मंदिर, जल ओर शमशान समान हो , जातिगत अंहकार से ऊपर उठकर सभी महापुरुषों का सम्मान करते हुए हमे राष्ट्र धर्म के लिए जीना हे अब से जय भीम ङ्क जय श्री राम का नारा एक साथ गूंजना चाहिए , संघ के जिला प्रचारक विशाल जी ने पंच ( कुटुम्ब प्रबोधन, सामाजिक समरस्ता, पर्यवरण, नागरिक शिष्ठाचार, स्वबोध) के विषय में भी बताया ओर कहा कि बड़ा परिवार ही सुखी और मजबूत परिवार है हम वृक्षों की पूजा करने वाले जीवन में पांच पेड़ लगावे ओर उन्हें बड़ा होने तक पुत्र की तरह संभाल करे,सिंगल यूज प्लास्टिक छोड़ने का संकल्प भी लेना होगा.राम मंदिर बन गया सभी हिंदुओं ने मिलकर बनाया, ये देश हिंदुओं का हे इसकी रक्षा के लिए सभी स्वार्थों को त्याग के प्रतिदिन हिन्दुओं को मैदान में एकत्रित होना पड़ेगा और आने वाली पीढ़ी को राम जैसे चरित्र ,शिक्षा, संस्कार, राष्ट्रभक्ति के साथ साथ मजबूत शरीर बनाने के लिए कार्य करना हे और बहनों को आत्मरक्षा के गुण भी सीखने चाहिए तभी रामराज्य स्थापित होगा.

# सेंट मेरी पीजी कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, सेंट मेरी पीजी कॉलेज के संचालक फादर सिंटो के निर्देशानुसार विभागाध्यक्ष प्रो. मनीष शाह, प्रो. विपुल जैन एवं प्रो. नारायण अहिरवार के मार्गदर्शन में आर्ट्स डिपार्टमेंट के विद्यार्थियों को इंटर्नशिप प्रोजेक्ट के अंतर्गत ग्राम पंचायत सुनपुरा गांव एवं उदयगिरि जंगल रिसॉर्ट का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया.**




विभागाध्यक्ष प्रो. मनीष शाह ने बताया कि इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली, विकास योजनाओं, प्रशासनिक संरचना एवं ग्रामीण जीवन की वास्तविकताओं से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना है.सुनपुरा गांव में विद्यार्थियों ने पंचायत स्तर पर संचालित योजनाओं, स्वच्छता, जल संरक्षण, रोजगार एवं सामाजिक विकास से जुड़े कार्यों का अवलोकन किया. प्रो. विपुल जैन ने विद्यार्थियों से जंगल रिसॉर्ट में पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय पर्यटन और सतत विकास के महत्व पर चर्चा की.प्रो. नारायण अहिरवार ने विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट से संबंधित फील्ड वर्क, डेटा संग्रह और रिपोर्ट लेखन के व्यावहारिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी.विद्यार्थियों ने इस शैक्षणिक भ्रमण को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि इससे उन्हें पाठ्यक्रम को व्यवहारिक रूप में समझने का अवसर मिला.इस शैक्षणिक भ्रमण का समापन अवयुक्त रेस्टोरेंट में विद्यार्थियों को लंच कराकर किया गया.संस्था के डीन फादर डॉ. जोबी और सिस्टर प्रभावती ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और पाठ्यक्रम को व्यवहारिक रूप से समझने का अवसर प्रदान करते हैं.

# कुलपति ने की उदयपुर की हेरिटेज वाक



**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** साँची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्यन विश्व विद्यालय के कुलपति आचार्य प्रो. डाक्टर यगेश्वर एस शास्त्री एवं साहित्यकार महेंद्र बावलकर जी के साथ न्यू यार्क से आये योगेश्वर शास्त्री द्वारा उदेश्वर महादेव मंदिर उदयपुर की हेरिटेज बाक की. जिन्होंने बारीकी से उद्देशवर मंदिर का बारीकी से अध्ययन किया.उसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में बनी अद्भुत कला को तराशा उदेश्वर महादेव मंदिर की कलाकृति को देखकर और उसके सुरक्षित खड़े होने पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि यह मंदिर अपने पूर्ण रूप से 1050 की स्थिति से आज तक विद्वान है.

इस क्षेत्र को एवं इस गांव को अध्ययन की दृष्टि से पुरातत्व विभाग को यहां एक शोध केंद्र स्थापित करने की आवश्यकता है जिससे युवा पीढ़ी यहां रहकर शोध के कार्य को भली भांति कर अपनी प्राचीन सभ्यता से रूबरू हो सकती है.उन्होंने कहा की यहां का किला भी अद्भुत नहीं है और बहुत विशाल क्षेत्र में फैला हुआ है इसको सहेज कर आसपास एवं मंदिर में रखी प्राचीन सभ्यता की मूर्तियों को स्थापित कर एक संग्रहालय के रूप में विकसित किया जा सकता है.उन्होंने रावण टोल की नटराज प्रतिमा जो की विश्व की सबसे विशालतम प्रतिमा है उसकी भी सरायना की साथ ही कहा कि नटराज की मूर्ति तक एप्रोच रोड का होना बहुत आवश्यक है.52 कुएं 56 बावड़ी ढाई तलाव डेढ़ नदी के इस गांव की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यहां पर जो भी बावड़िया स्थापित है उनको संरक्षित किया जाए जिससे लोगों तक पहुंच बन सके कुछ पुराने मकान खंडार का रूप लिए हुए हैं जो की पत्थर के बने हुए हैं उनको भी संरक्षित किया जाए जिससे आने वाले साहित्यकार व इतिहासकार रूबरू हो सके कि हमारे पूर्वजों द्वारा जो कला कि इस ग्राम उदयपुर में स्थापना की गई है वह अद्भुत है यह अध्ययन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान रखती है.

**प्रतियोगिता** | मेरठ ने 8 विकेट से और कनारा विदिशा ने 97 रनों से जीता अपना मैच,शुभम कैथवास की घातक गेंदबाजी के आगे नतमस्तक हुई प्रयागराज की टीम

# 56वीं कनारा ट्रॉफी-प्रधान ने जड़ा टूर्नामेंट का पहला शतक

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, कनारा ग्राउंड पर खेली जा रही प्रतिष्ठित 56वीं कनारा क्रिकेट ट्रॉफी के तीसरे दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले. आज के दिन का आकर्षण मेरठ के बल्लेबाज यशु प्रधान का शानदार शतक और मेजबान कनारा विदिशा की एकतरफा जीत रही.दिन का पहला मुकाबला (टूर्नामेंट का तीसरा मैच) फेथ क्लब भोपाल और मेरठ के बीच खेला गया. मेरठ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. पहले बल्लेबाजी करते हुए फेथ क्लब भोपाल ने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 171 रन बनाए.**



भोपाल की ओर से वेदांश व्यास ने 34, अहरम अकील ने 28 (12 गेंद), अलंकृत सिंह ने 27, युवराज नेमा ने 26, ओजस यादव ने 24 और आकाश सिंह ने 11 रनों का योगदान दिया. मेरठ की तरफ से विजय ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 और साजिद ने 2 विकेट लिए. जवाब में उतरी मेरठ की टीम ने यशु प्रधान की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर मात्र 15 ओवरों में 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया. यशु प्रधान ने 53 गेंदों में नाबाद 100 रन बनाए, जिसमें 7 गगनचुंबी छक्के और 9 चौके शामिल थे। यह इस टूर्नामेंट का पहला शतक है. उनका साथ देते हुए सत्यम ने 37 और समीर चौधरी ने 20 गेंदों में नाबाद 34 रन बनाए. मेरठ ने यह मैच 8 विकेट से जीत लिया. यशु प्रधान को उनकी शतकीय पारी के लिए मैन ऑफ द मैचचुना गया.

## दूसरा मैच- कनारा विदिशा बनाम प्रयागराज

दिन का दूसरा मुकाबला (टूर्नामेंट का चौथा मैच) स्थानीय दर्शकों की पसंदीदा कनारा विदिशा और प्रयागराज के बीच खेला गया. कनारा विदिशा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी और 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 190 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। अर्पित पटेल ने तेज तर्रार 32 गेंदों में 53 रन (अर्धशतक), ओपनर नागेंद्र ने 47, कृष्णा दौर ने 14 गेंदों में 27 और वरुण ने 12 गेंदों में 21 रन बनाए। प्रयागराज के रजनीश और ध्रुव प्रताप सिंह ने 3-3 विकेट लिए. 191 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रयागराज की शुरुआत बेहद खराब रही। पारी की पहली ही गेंद पर कनारा के तेज गेंदबाज शुभम कैथवास ने विकेट चटकाया। शुभम ने अपनी घातक गेंदबाजी जारी रखते हुए प्रयागराज के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया और कुल 4 महत्वपूर्ण विकेट लिए। प्रयागराज की पूरी टीम 13.5 ओवर में मात्र 93 रनों पर ढेर हो गई। प्रयागराज के लिए ध्रुव प्रताप सिंह ने सर्वाधिक 15 रन बनाए.कनारा की ओर से विशुद्ध और कुणाल ने भी 2-2 विकेट लिए.

### कलेक्टर ने स्वयं सुनीं आवेदकों की समस्याएं

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के द्वारा हरेक मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के माध्यम से आवेदको की समस्याओं का समाधान हो रहा है. आयोजित जनसुनवाई में 108 आवेदकों के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया है. जिसमें से मौके पर 67 आवेदनो का निराकरण किया गया है. शेष लंबित आवेदनों पर समय सीमा में कार्यवाही कर निराकरण की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश उल्लेखित विभागो के अधिकारियों को दिए गए हैं. कलेक्टर के निर्देश पर लंबित शिकायतों निराकरण के लिए भी समय सीमा में अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए है.

# विशाल हिंदू सम्मेलन के लिए वार्डों में कार्यकर्ताओं ने किया संपर्क

**नवभारत न्यूज**

**पठारी,** नगर में आगामी 18 जनवरी रविवार को बस स्टैंड के पास साहू स्टेडियम परिसर में आयोजित होने वाले विशाल हिंदू सम्मेलन एवं भंडारे के लिए नगर के विभिन्न वार्डों में कार्यकर्ताओं द्वारा उत्साह के साथ जनसंपर्क किया जा रहा है कार्यकर्ता दुकानों -दुकानों एवं घर-घर जानकारी दे रहे हैं कार्यकर्ताओं ने लोगों को कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया.18 जनवरी को प्रारंभ होने वाले इस विशाल हिंदू सम्मेलन में नगर सहित आसपास क्षेत्रों से बड़ी संख्या में हिंदू नागरिकों के पहुंचने की संभावना है.आयोजन सकल हिंदू समाज, पठारी द्वारा किया जा रहा है.जनसंपर्क अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंचकर लोगों को निमंत्रण दिया और सामाजिक समरसता हिंदू एकता तथा संगठन की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया. नगर में कार्यक्रम को लेकर उत्साह का माहौल देखा जा रहा है.